**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## विश्वविद्यालय से 'विकसित भारत@2047: जागरूकता अभियान यात्रा' हुई प्रारंभ
## कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री ने दी शुभकामनाएं
## कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया ने किया शुभारंभ

वर्धा, दि. 09 जनवरी 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा 'विकसित भारत@2047: जागरूकता अभियान-वर्धा यात्रा' का प्रारंभ मंगलवार 09 जनवरी को सुबह 09:00 बजे विश्वविद्यालय के वाचस्पति भवन से किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. भीमराय मेत्री ने यात्रा की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास




पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305










पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**




जताया कि युवाओं को भारत सरकार की शैक्षणिक एवं अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान करने की दिशा में यह अभियान कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए अपना योगदान देकर भारत को समृद्ध करने में अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान कुलसचिव धरवेश कठेरिया ने झेंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में विश्वविद्यालय अपना भरसक योगदान दे रहा है। उन्होंने शोधार्थी एवं विद्यार्थियों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की।

इस यात्रा में आर्वी, देवळी, कारंजा, आष्टी, सेलु, हिंगणघाट, वर्धा, समुद्रपुर आदि तहसील स्थित महाविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी युवाओं से जुड़ी योजनाओं को लेकर चर्चा की गयी। इस अभियान में भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों ने महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों को दी। इस अवसर पर अभियान के संयोजक प्रो. बंशीधर पाण्डेय, सह संयोजक डॉ. के बालराजु, डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. बालाजी चिरडे, डॉ. विपीन कुमार पाण्डेय, डॉ. राम प्रकाश यादव, डॉ. संदीप कुमार वर्मा, डॉ. रवि कुमार, डॉ. कृष्णचंद्र पाण्डेय, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. शिव सिंह बघेल, डॉ. श्रीनिकेत मिश्र, डॉ. रणंजय सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. आर. पी. यादव, डॉ. कोमल कुमार परदेशी, बी. एस. मिरगे, डॉ. गिरीश पाण्डेय, अंजनी कुमार राय, डॉ. हिमांशु नारायण, राजीव पाठक, विजयपाल पाण्डेय, शुभम सोनी, सुधीर खरकटे, मिथिलेश राय, हेमंत दुबे, सचिन सातपुते, मनोज टिचकुले, सौरभ, सचिन आडे सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**